हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24.4 डिग्री
न्यूनतम 7.8 डिग्री

10 हरियाणा की जूनियर सेपक टकरा टीम में दक्ष का चयन



10 ऑनलाइन पॉलिसी के विरोध में एसडीओ को ज्ञापन सौंपा



## खबर संक्षेप



सोनीपत। शिविर में लोगों की जांच करती स्वास्थ्य टीम। फोटो : हरिभूमि

### लहराड़ा में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कालेज की यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम के तत्वावधान में लहराड़ा गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 35 ग्रामीणों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच पर बल दिया।

### मारपीट की घटना में तीन आरोपित काबू

गोहाना। जिम संचालक के साथ मारपीट करने व जिम के बाहर ईंट व बिट्टों से तोडफ़ोड़ करने की घटना मे थाना शहर गोहाना की पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गिरफ्तार आरोपित मोहित पुत्र राकेश निवासी जिला जीन्द हाल गोहाना, सुमित उर्फ ढीमक पुत्र सज्जन पाल व हिमांशु पुत्र सुनील गोहाना जिला सोनीपत के निवासी हैं। नवीन पुत्र राजसिंह निवासी गांव कथूरा हाल महम रोड गोहाना ने महम रोड पर जिम खोल रखा है।

### कार्यक्रम के दौरान चली गोली, एक व्यक्ति घायल

गन्नौर। गांव गढ़ी झंझारा में एक कार्यक्रम के दौरान चली गोली में एक व्यक्ति गंभी रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्तपाल में भर्ती करवाया गया जहां वह उपचाराधीन है। गांव भोड़वाल माजरी निवासी सतपाल ने बताया कि वह 12 दिसंबर की रात दोस्त संजय और सुरेश के साथ गांव गढ़ी झंझारा में एक कार्यक्रम में गया था। कार्यक्रम स्थल पर उसकी मुलाकात गांव भूर्री निवासी शमशेर से हुई। कार के डैशबोर्ड पर उसकी पिस्तौल रखी हुई थी। जब वह पिस्तौल उठाने लगा तो अचानक गोली चल गई।

# 7.29 करोड़ की वसूली के लिए 'ऑपरेशन सीलिंग' तैयार, टॉप 100 डिफाल्टरों की लिस्ट जारी

- नगर निगम का बड़ा एक्शन, गृहकर दबाकर बैठे रसूखदारों और प्रॉपर्टी मालिकों पर कसा जाएगा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




नगर निगम कार्यालय का फाइल फोटो।

नगर निगम प्रशासन ने शहर के उन रसूखदारों और प्रॉपर्टी मालिकों पर शिकंजा कसने की अंतिम तैयारी कर ली है, जो पिछले कई वर्षों से गृहकर (प्रॉपर्टी टैक्स) दबाकर बैठे हैं।

निगम ने शुरुआती चरण में ऐसे टॉप 100 डिफाल्टरों को चिह्नित किया है, जिन पर 2 लाख रुपये से अधिक की राशि बकाया है। इन सभी के खिलाफ नोटिस तैयार कर लिए गए हैं। सख्त हिदायत दी गई है कि यदि तय समय सीमा के भीतर बकाया जमा नहीं किया गया, तो निगम बिना किसी रियायत के सीधे प्रॉपर्टी सील करने की कार्रवाई शुरू कर देगा। नगर निगम प्रशासन का मानना है कि बड़े बकायेदारों की लापरवाही की वजह से शहर के विकास कार्यों पर असर पड़ रहा है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने इससे पहले बकायादारों को ब्याज माफी और अन्य कई रियायतें देकर टैक्स जमा करने के सुनहरे अवसर दिए थे। उम्मीद थी कि इन योजनाओं के बाद लोग स्वतः आगे आएंगे, लेकिन बड़े डिफाल्टरों के सुस्त रिस्पांस ने निगम को कड़े कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। निगम के अधिकारियों के अनुसार लंबे समय तक बकायेदारों का इंतजार किया और बार-बार उन्हें चेताया। लेकिन अब और मोहलत नहीं दी जा सकती। शुरुआती चरण में 2 लाख से अधिक के बकायेदारों पर प्रहार होगा, इसके बाद अन्य श्रेणियों के डिफाल्टरों पर भी कार्रवाई होगी।

### 11 करोड़ आए हैं, 29 करोड़ की भारी चुनौती

नगर निगम के लिए चालू वित्त वर्ष का लक्ष्य हासिल करना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। प्रशासन ने इस वर्ष 40 करोड़ रुपये गृहकर वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया था, लेकिन अब तक केवल 11 करोड़ रुपये ही सरकारी खजाने में आए हैं। वित्त वर्ष समाप्त होने में अब केवल साढ़े तीन माह का समय शेष है और निगम को अभी भी 29 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि वसूल करनी है। पिछले साल के कड़वे अनुभवों को देखते हुए इस बार निगम प्रशासन पहले से ही 'एक्शन मोड' में आ गया है। गौरतलब है कि पिछले वित्त वर्ष में भी 40 करोड़ का लक्ष्य था, लेकिन निगम की ढिलाई के कारण महज 9.31 करोड़ रुपये ही वसूल हो सके थे।

### चरणबद्ध तरीके से तैयार रणनीति

1. नोटिस का वितरण : अगले 2-3 दिनों के भीतर चिह्नित 100 डिफाल्टरों को कानूनी नोटिस थमा दिए जाएंगे।
2. अंतिम चेतावनी : नोटिस में दी गई अवधि के भीतर भुगतान न करने वालों को 'ब्लैक लिस्ट' में डाला जाएगा।
3. सीलिंग दस्ता : निगम की एक विशेष टीम गठित की गई है जो पुलिस बल के सहयोग से डिफाल्टरों की व्यावसायिक और रिहायशी संपत्तियों को सील करने का काम करेगी।

### कर का भुगतान अनिवार्य

शहरवासियों को यह स्पष्ट संदेश दे दिया गया है कि विकास कार्यों में सहयोग के लिए कर का भुगतान अनिवार्य है। अब यह देखना होगा कि निगम के इस कड़े रुख के बाद बकायेदार अपना टैक्स जमा करते हैं या फिर उनकी संपत्तियों पर निगम का ताला लटकेगा।

### बड़े बकायेदारों ने बिगाड़ा निगम का गणित

निगम के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो साफ पता चलता है कि चंद बड़े बकायेदारों ने ही निगम के पूरे बजट और लक्ष्य को प्रभावित कर रखा है। निगम की मानें तो अगर ये टॉप 100 डिफाल्टर अपना कर जमा कर देते हैं, तो वसूली का आंकड़ा तेजी से लक्ष्य की ओर बढ़ जाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन ने छोटे करदाताओं के बजाय पहले 'बड़े मछलियों' पर जाल डालने का फैसला किया है।

### निगम चुनाव लड़ने के इच्छुक जमा करवाएं गृहकर

अगले साल नगर निगम चुनाव भी होने है। वर्तमान पार्षदों व मेयर का कार्यकाल जनवरी के प्रथम सप्ताह में खत्म होने जा रहा है। कुछ लोगों ने आगामी निगम चुनाव लड़ने के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। ऐसे में उन लोगों को बकाया गृहकर जमा करना होगा। चुनाव के समय भावी उम्मीदवारों को नामांकन करते समय बकाया गृहकर का अनापत्ति प्रमाणपत्र देना होगा।

### प्रॉपर्टी सील की जाएगी

दो लाख या इससे ज्यादा गृहकर अगर बकाया है तो उन्हें नगर निगम कार्यालय में जमा कराने के लिए कहा जा रहा है। साथ ही बकाया गृहकर जमा न कराने वाले 100 डिफाल्टरों को चिह्नित कर लिया गया है। उनके लिए नोटिस तैयार कराए गए है। जल्द ही इनका वितरण कर दिया जाएगा। उसके बाद भी गृहकर जमा न कराने पर उनकी प्रॉपर्टी सील की जाएगी।

-राजेंद्र चुघ, क्षेत्रीय कर अधिकारी नगर निगम

# प्रदूषण पर प्रहार : 31 दिसंबर तक सभी सड़कों से हटेंगे डीजल ऑटो

## नए साल से सिर्फ ई-ऑटो और सीएनजी को मिलेगी राह

- 1 जनवरी 2026 से डीजल ऑटो के संचालन की नहीं होगी अनुमति : एसडीएम सुभाष चन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। बैठक के दौरान चालकों को समझाते हुए एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

बढ़ते वायु प्रदूषण को रोकने और एनसीआर क्षेत्र की आबोहवा को सुधारने के लिए सोनीपत प्रशासन ने एक बड़ा फैसला लिया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि जिले की सड़कों पर दौड़ रहे डीजल ऑटो अब इतिहास बनने जा रहे हैं। मंगलवार को जिला परिवहन अधिकारी एवं सचिव, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण सुभाष चन्द्र ने ऑटो मालिकों के साथ हुई बैठक में यह कड़ा निर्देश जारी किया। सरकार के इस फैसले का सीधा असर शहर की परिवहन व्यवस्था और हजारों ऑटो चालकों पर पड़ेगा। नए साल के पहले दिन से लागू होगी पाबंदी एसडीएम सुभाष चन्द्र ने बैठक के दौरान ऑटो यूनियन के प्रतिनिधियों और मालिकों को दो टूक शब्दों में अवगत कराया कि 1 जनवरी 2026 से जिले में किसी भी डीजल ऑटो के संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रशासन ने इसके लिए 31 दिसंबर 2025 तक की समय सीमा निर्धारित की है। इस अवधि के दौरान डीजल ऑटो को श्रेणीबद्ध तरीके से हटाया जाएगा। यानी चरण दर चरण इन वाहनों को सड़कों से बाहर कर दिया जाएगा ताकि यातायात व्यवस्था पर अचानक कोई बड़ा प्रभाव न पड़े और यात्रियों को भी असुविधा न हो।

### सीएक्यूएम के निर्देशों की पालना

सीएक्यूएम के आदेशों का पालन अनिवार्य यह सख्त निर्णय कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) के निर्देश संख्या 70 के तहत लिया गया है। एनसीआर के अन्य जिलों की तरह सोनीपत में भी प्रदूषण का स्तर अक्सर चिंताजनक श्रेणी में रहता है, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुराने और धुआं छोड़ने वाले डीजल वाहनों पर गाज गिरना तय था। अधिकारियों का कहना है कि डीजल ऑटो से निकलने वाला धुआं स्थानीय वायु प्रदूषण में बड़ी भूमिका निभाता है, जिसे रोकने के लिए स्वच्छ ईंधन आधारित परिवहन को बढ़ावा देना जरूरी हो गया है।

### कार्बन उत्सर्जन में आएगी कमी

पर्यावरण और भविष्य पर असर सोनीपत प्रशासन के इस कदम को ग्रीन मोबिलिटी की दिशा में एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। डीजल ऑटो के हटने से न केवल कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी, बल्कि शहर में ध्वनि प्रदूषण का स्तर भी घटेगा। आने वाले महीनों में प्रशासन अन्य श्रेणियों के पुराने वाहनों पर भी निगरानी बढ़ाने की योजना बना रहा है। फिलहाल, ऑटो चालकों के पास अपनी गाड़ियां बदलने के लिए एक साल से भी कम का समय शेष है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि 31 दिसंबर के बाद यदि कोई डीजल ऑटो सड़कों पर पाया गया, तो उसे जब्त करने के साथ-साथ भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा।

### चालकों ने बताई परेशानियां

यूनियन के साथ हुई विस्तृत चर्चा इस महत्वपूर्ण बैठक में ऑटो यूनियन के प्रधान इंद्रजीत, राजकुमार, सतीश कुमार, आनंद कुमार, प्रेम सिंह, दिनेश, रोहताश, प्रताप सिंह और संजय सहित भारी संख्या में ऑटो चालक उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से चालकों को प्रोत्साहित किया गया कि वे समय रहते अपने डीजल वाहनों को इलेक्ट्रिक या सीएनजी विकल्पों में बदल लें। हालांकि ऑटो चालकों की ओर से कुछ व्यावहारिक चुनौतियां भी पेश की गईं, लेकिन एसडीएम ने स्पष्ट किया कि पर्यावरणीय नियमों के चलते अब डीजल वाहनों का चलना संभव नहीं होगा।

# सुरक्षित यात्रा के लिए सड़कों पर उतरी सोनीपत पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- ट्रैफिक पुलिस ने विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाकर वाहन चालकों को किया सतर्क

ठंड के मौसम में घने कोहरे के कारण दृश्यता में भारी कमी और सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती आशंका को देखते हुए सोनीपत पुलिस ने विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस आयुक्त ममता सिंह के दिशा-निर्देशानुसार और पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक एवं क्राइम नरेन्द्र कादयान के मार्गदर्शन में ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया।

अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि कोहरे में वाहन हमेशा निर्धारित गति से काफी कम रफ्तार पर चलाएं और आगे चल रहे वाहन से सामान्य से तीन से चार गुना अधिक दूरी बनाए रखें। हेडलाइट्स को लो-बीम पर रखें और फॉग लाइट्स का उपयोग करें। सड़क फिसलन भरी होने के कारण अचानक ब्रेक लगाने से बचें और धीरे-धीरे ब्रेक लगाएं। पुलिस ने अनावश्यक लेन बदलने, ओवरटेक करने और राष्ट्रीय राजमार्ग या सड़क किनारे वाहन खड़ा करने से बचने की सलाह दी।



सोनीपत। वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाते हुए पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

# 4394 आवारा कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




सोनीपत। बैठक में उपस्थित अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

- जिलावासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा आवारों कुत्तों के नसबंदी व टीकाकरण कार्य

सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना में जिला प्रशासन आवारा कुत्तो के नसबंदी, टीकाकरण व डी-वार्मिग जैसे कार्य तेजी से कर रहे है। जिला प्रशासन के द्वारा जिला टास्क फोर्स व जिला निगरानी कमेटी का गठन किया गया व नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की है। इस साल 30 नवंबर तक नगर निगम सोनीपत के द्वारा 4394 कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण व डी-वार्मिग क गई है। वही 1414 आवारा पशुओं को पकड़ कर गउशालाओं/नंदीशालाओं में पहुंचाया गया है। नगर निगम के द्वारा आवारा कुत्तों के फीडीग के 20 स्थानों का चयन किया गया है। गोहाना नगर परिषद के द्वारा 1414 आवारा कुत्तों के नसबंदी, टीकाकरण व डी-वार्मिग की गई है। 50 जगहों का चयन कुत्तों के फीडीग स्थान के तौर पर किया गया व 1460 आवारा पशुओं को गउशालाओं/नंदीशालाओं में पहुंचाया गया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने मंगलवार के विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से जिले के सभी उपायुक्तों के साथ आवारा कुत्तों से संबंधित मुद्दों पर समीक्षा बैठक की।

# टेलीग्राम पर क्रिप्टो निवेश ठगी गिरोह का भंडाफोड़

- साइबर पुलिस ने महाराष्ट्र से दो आरोपितों को किया गिरफ्तार, मोबाइल बरामद और खाते फ्रीज

सोनीपत। टेलीग्राम के जरिए क्रिप्टो करेंसी में निवेश का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ साईबर पुलिस सोनीपत ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान मुल्ला महबूब इमाम और बाशा पापामियाँ शेख के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जबकि 67 हजार 500 रुपये की राशि विभिन्न खातों में फ्रीज कराई गई है। दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। साईबर थाना सोनीपत में दर्ज शिकायत के अनुसार, आदित्य निवासी भगवान सिंह कॉलोनी खरखौदा ने बताया कि 26 नवंबर 2025 को उसकी टेलिग्राम आईडी पर क्रिप्टो करेंसी में निवेश का मैसेज आया। मैसेज भेजने वाले ने उसे एक टेलिग्राम ग्रुप में जोड़ दिया और भरोसा दिलाया कि वह लंबे समय से इस ग्रुप में निवेश कर रहा है। ग्रुप में शामिल होने के बाद टेलिग्राम आईडी से बातचीत कर उसे निवेश के लिए प्रेरित किया गया।

# पानी के टैंक में डुबोकर बुझा दिए थे चिराग

- कातिल मां का खौफनाक कबूलनामा : चार बच्चों की जान लेने वाली पूनम के साथ 'क्राइम सीन रीक्रिएट'
- प्रोडक्शन वारंट पर बरोदा थाना पुलिस लाई पूनम को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हरियाणा के सोनीपत और पानीपत जिलों को दहला देने वाले 'सीरियल चाइल्ड किलर' कांड में पुलिस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। गांव भावड़ में अपने ही बेटे और तीन अन्य बच्चों की बेरहमी से हत्या करने वाली आरोपित पूनम को बरोदा थाना पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लिया।

भारी सुरक्षा के बीच पुलिस उसे गांव भावड़ स्थित उसके घर ले गई, जहां उस खौफनाक मंजर को दोबारा जीने (क्राइम सीन रीक्रिएट) की प्रक्रिया पूरी की गई। पूनम ने पत्थर दिल होकर उन जगहों की निशानदेही की, जहां उसने मासूमों की चीखों को पानी में दबा दिया था।

**वारदात के बाद ननद के पास जाकर प्रेस करने लगी कपड़े:** क्राइम सीन रीक्रिएट के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ। पूनम ने पुलिस को बताया कि 12 जनवरी 2023 को उसने अपने सगे बेटे शुभम और गांव गंगाना से आई ननद की बेटी इशिका को चचेरे ससुर पाल सिंह के घर बने पानी के टैंक में डुबोकर मार डाला था। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देने के ठीक बाद वह सामान्य बनी रही और चौबारे पर जाकर अपनी ननद पिंकी के पास बैठ गई, जो उस समय कपड़े प्रेस कर रही थी। पुलिस ने उस कमरे का भी बारीकी से निरीक्षण किया है।

### शादी समारोह में खुली थी कत्ल की कड़ियां

इस पूरे मामले का खुलासा दो सप्ताह पहले पानीपत के नौल्था गांव में एक शादी समारोह के दौरान हुआ। 1 दिसंबर को पूनम ने वहां अपने चाचा ससुर की 6 वर्षीय पोती विधि को पानी के टब में डुबोकर मार दिया था। जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की, तो परतें खुलती चली गईं। पूनम ने स्वीकार किया कि उसने अगस्त 2025 में अपने मायके गांव सिवाह में भतीजी जिया की पानी में डुबोकर हत्या की। जनवरी 2023 में अपने बेटे शुभम और भांजी इशिका को मौत के घाट उतारा। दिसंबर 2025 में भतीजी विधि की हत्या की थी।

### गांव में भारी तनाव, पति ने दर्ज करवाया था मुकदमा

पूनम के इस राक्षसी रूप के सामने आने के बाद उसके पति नवीन ने खुद उसके खिलाफ हत्या और शव खुर्द-बुर्द करने का मामला दर्ज कराया है। गांव भावड़ में सन्नाटा पसरा हुआ है और लोग इस बात पर यकीन नहीं कर पा रहे हैं कि एक मां अपने और अपने परिजनों के बच्चों के साथ ऐसा कर सकती है।

### 3 दिन के रिमांड पर

पूनम को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। क्राइम सीन रीक्रिएट कराकर अहम जानकारियां जुटाई गई हैं। हम हर उस पहलू की जांच कर रहे हैं जो इन हत्याओं के पीछे का कारण हो सकता है। पूछताछ में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

-राहुल देव, एसीपी गोहाना

### तांत्रिक कनेक्शन और अन्य पहलुओं की जांच

*गोहाना न्यायालय ने पुलिस की दलीलों को सुनते हुए आरोपित पूनम को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस अब कई गंभीर बिंदुओं पर जांच कर रही है।*

*मनोवैज्ञानिक जांच : पुलिस मनोचिकित्सक की निगरानी में पूनम से पूछताछ करेगी ताकि उसकी मानसिक स्थिति और हत्याओं के पीछे की सनक को समझा जा सके।*

*तांत्रिक का एंगल : जांच का एक बड़ा हिस्सा इस बात पर केंद्रित है कि क्या पूनम ने ये हत्याएं किसी तांत्रिक के कहने पर 'बलि' के रूप में की थीं।*

*मददगारों की तलाश : पुलिस यह भी पता लगा रही है कि क्या इन वारदातों में परिवार का कोई अन्य सदस्य या बाहरी व्यक्ति शामिल था।*

*अन्य वारदातें : संदेह है कि क्या पूनम ने अतीत में किसी और बच्चे या व्यक्ति को अपना शिकार बनाया है।*

## नवाचार | राज्यस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए 7 मेधावियों का चयन

# सोनीपत के नन्हे वैज्ञानिकों का गुरुग्राम में दिखेगा जलवा

विद्यार्थियों की जिज्ञासा को पंख देना है कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के सात होनहार विद्यार्थी आगामी 2 जनवरी को गुरुग्राम में आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा और नवाचार का लोहा मनवाएंगे। विद्यालय शिक्षा निदेशालय के तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की जिज्ञासा को पंख देना और उनके भीतर छिपी वैज्ञानिक सोच को राष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाना है। जिला शिक्षा विभाग ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि तक पहुँचने के लिए दो चरणों की चयन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया। प्रदर्शनी में जिले भर के स्कूलों से 126 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अभिनव मॉडल प्रस्तुत किए थे।

### राज्यस्तर के लिए इन विद्यार्थियों का चयन

- सोनीपत के मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से हार्दिक
- गांव थाना कलां स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय से तरुण कुमार
- गांव फरमाना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से दीक्षांत
- गांव दातौली स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से राधिका
- गांव भंडेरी स्थित सीआर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से नितिका
- गोहाना के जेएलएन विद्यालय से तनिष्का शर्मा
- खरखौदा के प्रताप सिंह मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से इशान

### चयनित छात्र राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में लेंगे भाग

जिला के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के चयनित 07 विद्यार्थी 02 जनवरी को गुरुग्राम में होने वाली राज्यस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में अपने मॉडल एवं परियोजना के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार को प्रस्तुत करेंगे। प्रदर्शनी में उच्च शिक्षा अधिकारी विद्यार्थियों के मॉडल का मूल्यांकन करेंगे। विजेताओं को राष्ट्र स्तर पर होने वाली विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल होने का मौका मिलेगा।

-सुरेंद्र सिंह, जिला विज्ञान विशेषज्ञ, सोनीपत

### इन विषयों पर प्रस्तुत किए जाएंगे मॉडल

- जल संरक्षण एवं प्रबंधन
- उभरती प्रौद्योगिकियां
- सतत कृषि
- हरित ऊर्जा
- मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग
- अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्लास्टिक के विकल्प
- स्वास्थ्य एवं स्वच्छता

### सरकारी और निजी स्कूलों ने लिया हिस्सा

सरकारी और निजी स्कूलों की भागीदारी इस प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि इसमें हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड और सीबीएसई से मान्यता प्राप्त राजकीय विद्यालयों के साथ-साथ हरियाणा बोर्ड से संबद्ध निजी स्कूलों के छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हालांकि, नियमों के अनुसार सीबीएसई से संबंधित निजी स्कूलों को इस विशेष प्रदर्शनी कार्यक्रम का हिस्सा नहीं बनाया गया था।

**परियोजनाओं को परिष्कृत करने में जुटे हैं विद्यार्थी:** शिक्षा विभाग की तैयारी जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चयनित विद्यार्थी अब अपनी परियोजनाओं को और अधिक परिष्कृत करने में जुटे हैं। राज्यस्तर पर विभिन्न जिलों के बीच होने वाली इस कड़ी प्रतिस्पर्धा में सोनीपत के विद्यार्थी अपनी तकनीकी सूझबूझ और रचनात्मकता का प्रदर्शन करेंगे। शिक्षकों और अभिभावकों में इस उपलब्धि को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है और सभी को उम्मीद है कि ये नन्हे वैज्ञानिक राज्य स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करेंगे।



# सितारों के सितारे में अनोखी और भावुक कहानी की मिली झलक

**मुंबई।** आमिर खान ऐसे कलाकार हैं, जो अपनी अलग तरह की सोच के लिए जाने जाते हैं। जल्द ही उनका प्रोडक्शन 'सितारों के सितारे'को थिएटर में रिलीज करेगा। हाल ही इस खास डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसी साल आमिर खान स्टारर एक फिल्म 'सितारे जमीन पर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी के अहम किरदार कुछ स्पेशल किड्स थे। अब इन बच्चों की जिंदगी के पीछे के असल सितारों की कहानी को आमिर खान प्रोडक्शन एक डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'के जरिए बयां करेंगे। जल्द ही यह डॉक्यूमेंट्री थिएटर में रिलीज भी होगी। आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर'पर कुछ स्पेशल चाइल्ड नजर आए थे। इन बच्चों ने फिल्म में कमाल का अभिनय किया था। इन बच्चों के पैरेंट्स का कैसा स्ट्रगल रहा? कैसे उन्होंने अपने स्पेशल चाइल्ड को पाला? और कैसे ये बच्चे फिल्म 'सितारे जमीन पर' क्या हिस्सा बने? इन बातों को डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'में समेटा गया है।

## लाइफ Style

# श्रद्धा

## हमारी भावनाओं के साथ मत खेलो

रणवीर सिंह की 'धुरंधर'इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। वहीं, दूसरी ओर फिल्म को कई सेलेब्स से भी लगातार प्रशंसा मिल रही है। अक्षय कुमार, विक्की कौशल और ऋतिक रोशन से लेकर अल्लू अर्जुन और सामंथा रुथ प्रभु जैसे सितारों ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। अब इस लिस्ट में श्रद्धा कपूर का नाम भी शामिल हो गया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

श्रद्धा ने फिल्म की तारीफ करते हुए दूसरे पार्ट के लिए भी अपनी उत्सुकता जाहिर की है। साथ ही उन्होंने आदित्य धर से दूसरा पार्ट जल्दी लाने की भी बात कही। श्रद्धा कपूर ने फिल्म की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज साझा कीं। अपनी स्टोरीज में उन्होंने लिखा, 'आदित्य धर का धुरंधर बनाना वाकई बुरा लग रहा है, क्योंकि दूसरे पार्ट के लिए हमें तीन महीने का इंतजार करवाया है। हमारी भावनाओं के साथ खिलवाड़ मत करो। कृपया इसे पहले रिलीज कर दो।' श्रद्धा ने आगे फिल्म की तारीफ करते हुए कहा कि क्या शानदार अनुभव रहा। अगर सुबह शूट नहीं होता तो अभी जाकर दोबारा देखती है। आगे इस साल हिंदी सिनेमा को मिली हिट फिल्मों का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि छावा, सैयारा और धुरंधर सभी 2025 के हिंदी सिनेमा में। आगे श्रद्धा कपूर ने आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम को मिले निगेटिव पीआर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'यामी गौतम को निगेटिव पीआर और मनगढ़ंत विवादों का सामना करना पड़ा, लेकिन धुरंधर ने इन सब का सामना किया और शानदार प्रदर्शन किया। कोई भी बुरी ताकत एक अच्छी फिल्म को नीचे नहीं गिरा सकती। हमें दर्शकों पर भरोसा है। हमारी भावनाओं से मत खेलो। धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार तहलका मचाए हुए है।



## हॉलीवुड मसाला



# ल्यूक स्पेंसर के रोल ने बदली किस्मत

**लॉस एंजिल्स।** टीवी की दुनिया में कुछ किरदार ऐसे होते हैं, जो कलाकार से कहीं आगे निकलकर एक पूरी पीढ़ी की यादों का हिस्सा बन जाते हैं। अमेरिकी टेलीविजन इतिहास में ल्यूक स्पेंसर ऐसा ही एक नाम है। इस यादगार किरदार को अमर करने वाले अभिनेता एंथनी गीरी का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। एंथनी गीरी का जन्म अमेरिका के यूटा राज्य में हुआ था। बचपन से ही अभिनय की ओर झुकाव रखने वाले गीरी ने थिएटर के जरिए अपने कॅरियर की नींव रखी। यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा से थिएटर स्कॉलरशिप मिलने के बाद उन्होंने अभिनय को गंभीरता से अपनाया और 1970 के दशक में लॉस एंजेलिस का रुख किया। शुरुआती दौर में उन्होंने कई लोकप्रिय टीवी शोज में छोटे-छोटे किरदार निभाए, जिससे इंडस्ट्री में उनकी पहचान बनने लगी।




# इंटरनेट पर लीक हुए अवेंजर्सः डूम्सडे के टीजर

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की सबसे मच अवेटेड फिल्मों में से एक 'अवेंजर्सः डूम्सडे' रिलीज से पहले ही जबरदस्त चर्चा में आ गई है। वजह है फिल्म के तीन टीजर ट्रेलर्स का ऑनलाइन लीक हो जाना, जिसने मार्वल स्टूडियो की पूरी मार्केटिंग रणनीति को हिला कर रख दिया है। इन लीक वीडियोज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैंस के बीच कयासों का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि मार्वल स्टूडियो ने 'अवेंजर्स डूम्सडे' के लिए एक बेहद खास प्रमोशनल प्लान तैयार किया था। स्टूडियो का प्लान था कि फिल्म के चार अलग-अलग टीजर ट्रेलर सिनेमाघरों में एक्सक्लूसिव तौर पर दिखाए जाएं। ये ट्रेलर्स जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ अटैच किए जाने थे, ताकि बड़े पर्दे पर मार्वल का अनुभव और भी भव्य हो सके। लेकिन थिएटर में बैठे कुछ दर्शकों ने इन क्लिप्स को रिकॉर्ड कर लिया और देखते ही देखते तीन टीजर इंटरनेट पर वायरल हो गए। लीक हुए टीजर ट्रेलर्स में जो बातें सामने आई हैं, उन्होंने मार्वल फैन्स को हैरान कर दिया है।



# पठान 2 में होगी जूनियर एनटीआर की एंट्री

**मुंबई।** इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की स्पाई-थ्रिलर फिल्म धुरंधर धमाका मचाए हुए है। इस बीच अब यशराज फिल्म के स्पाई-यूनिवर्स की फिल्म पठान 2 को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बीते दिनों शाहरुख खान की मौजूदगी में पठान 2 के बनने की बात सामने आई थी। इसके बाद अब शाहरुख की इस आगामी फिल्म को लेकर एक नई चर्चा जोरों पर चल रही है। इन चर्चाओं के सामने आने के बाद अब 'पठान 2' को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। एक रिपोर्ट में ये दावा किया जा रहा है कि स्पाई यूनिवर्स का नया हिस्सा बने जूनियर एनटीआर अब शाहरुख खान की 'पठान 2' में भी नजर आएंगे। चर्चाएं हैं कि 'पठान 2' में जूनियर एनटीआर को लेने की बात चल रही है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में जूनियर एनटीआर की भूमिका सिर्फ एक छोटी सी झलक से कहीं अधिक होगी।



# सनी की दमदार आवाज में बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज

**मुंबई।** एक बार फिर सिनेमाघरों में दिखेगी भारतीय सेना के शौर्य की कहानी। अब फैंस का इंतजार खत्म हुआ और सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 23 जनवरी को रिलीज होने वाली इस फिल्म का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीजर में एक्शन और इमोशन के साथ शौर्य की गाथा देखने को मिलती है। टीजर की शुरुआत सनी देओल के वॉइस ओवर से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'तुम जहां से भी घुसने की कोशिश करोगे, आसमान से, जमीन से, समंदर से.. सामने एक हिंदुस्तानी फौजी खड़ा पाओगे। जो आंखों में आंखें डालकर सीना ठोककर कहेगा हिम्मत है तो आ, ये खड़ा है हिंदुस्तान।' इसके बाद टीजर में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को दिखाया गया जाता है।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अब्दुल हैं 2 रेस्टोरेंट के मालिक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता...' साल 2008 में शुरू हुआ था, और तभी से शरद संकला इसमें अब्दुल का किरदार निभाते आ रहे हैं। हालांकि, इससे पहले सात साल तक शरद संकला बेरोजगार थे। उनके पास कोई काम नहीं था। हाल ही एक इंटरव्यू में शरद संकला ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद किया। मालूम हो कि शरद संकला ने बॉलीवुड में भी काम किया है। वह कुछ फिल्मों में छोटे-मोटे रोल्स में नजर आए। यहां तक कि वह शाहरुख खान स्टारर बादशाह और बाजीगर के अलावा हम हैं राही प्यार के, हम आपके दिल में रहते हैं और साजन चले ससुराल में भी नजर आए थे। पर एक समय ऐसा था, जब शरद संकला के पास कोई काम नहीं था, और वह 7 साल तक खाली बैठे थे। लेकिन फिर 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' मिला, और उनकी जिंदगी बदल गई। शरद संकला आज हर घर में पहचाने जाते हैं और उनकी शो से अच्छी कमाई भी हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें 'तारक मेहता' में एक एपिसोड के लिए 35-40 हजार रुपए फीस मिलती है। इसके अलावा उनके मुंबई में दो रेस्टोरेंट हैं, जिनसे अच्छी कमाई होती है। शरद संकला का एक रेस्टोरेंट जुहू में है और इसका नाम 'पार्ले पॉइंट' है और दूसरा अंधेरी में है, जिसका नाम 'चार्ली कबाब' है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शरद संकला की नेट वर्थ 4-6 करोड़ रुपए बताई जाती है।

## तान्या की रईसी की फिर खुली पोल!

**नई दिल्ली।** तान्या मित्तल 'बिग बॉस 19' से निकलकर अपने घर ग्वालियर पहुंच गई हैं। वहां पहुंचते ही उन्होंने कई वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए और लोगों को अपनी रईसी का सबूत देने लगीं। लेकिन इसी बीच उनसे एक बड़ी भूल हो गई, जिसके बाद तो लोगों ने उनको झूठा और फेक कहने में कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि इस बार लोगों ने सबूत भी पेश किया है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। तान्या मित्तल ने इंस्टा स्टोरी पर ग्वालियर पहुंचते ही एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कार के अंदर से पीछे आ रही गाड़ी का वीडियो बना रही थीं और कह रही थीं, 'अम्मू आ गया। आ जा... आ जा...।' अब उसमें उनके भाई अमृतेश तो नजर नहीं आ रहे थे लेकिन कार जरूर दिख रही थी, जिसकी नंबर प्लेट दिल्ली और मध्यप्रदेश की नहीं, बल्कि उत्तराखंड की थी। एक्स हैंडल पर एक यूजर ने तान्या की स्टोरी का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया है, जिसमें लिखा है, 'अम्मू आ गया।' वहीं, दूसरी फोटो आईटीओ डिटेल्स की है, जिसमें गाड़ी का नंबर यूके07डीके3600 है और मालिक का नाम छिपाया गया है।



# विक्रांत बेस्ट एक्टर, छाई रही ब्लैक वॉरंट जयदीप ने पाताल लोक 2 के लिए जीता अवॉर्ड


**मुंबई।** सोमवार 15 दिसंबर को फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2025 इवेंट आयोजित हुआ है। मुंबई में हुए इस कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए हैं। इवेंट में एक्टिंग, डायरेक्शन, बेस्ट स्टोरी, बेस्ट साउंड डिजाइन से लेकर टेक्निकल सहित कई श्रेणियों में विजेताओं को अवॉर्ड दिए गए हैं। अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म कंट्रोल ने तीन अवॉर्ड्स पर कब्जा जमाया है।

### बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड

अभिनेता जयदीप अहलावत को बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल) ड्रामा का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड 'पाताल लोक सीजन 2' के लिए मिला है। बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड भी 'पाताल लोक सीजन 2' को मिला है।

### प्रीति पाणिग्रही बनीं बेस्ट एक्ट्रेस

बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (फीमेल) का क्रिटिक्स अवॉर्ड प्रीति पाणिग्रही को फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' के लिए दिया गया। उन्होंने अवॉर्ड लेकर खुशी साझा की और दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। अभिषेक बनर्जी को थ्रिलर फिल्म 'स्टोलन' के लिए बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड मिला है।



### पाताल लोक सीजन 2 को मिले ये अवॉर्ड

बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले, सीरीज का फिल्मफेयर अवॉर्ड सुदीप शर्मा, अभिषेक बनर्जी और राहुल कनौजिया, तमाल सेन को 'पाताल लोक' सीजन 2 के लिए प्रदान किया गया है। इसके अलावा इसी सीरीज के लिए सुदीप शर्मा को बेस्ट स्टोरी का भी फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला है।

### सेक्टर 36 के लिए विक्रांत को मिला अवार्ड

वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) क्रिटिक्स के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड विक्रांत मैसी की झोली में आया। उन्हें यह अवॉर्ड 'सेक्टर 36' के लिए दिया गया है। फिल्म फेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल): क्रिटिक्स ड्रामा जहान कपूर को 'ब्लैक वॉरंट' के लिए दिया गया है। बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) अवॉर्ड अनुभव सिन्हा को 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' के लिए दिया गया है। इसके अलावा 'द हंट: द राजीव गांधी एसासिनेशन केस' के लिए नागेश कुकुनूर को भी बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड दिया गया।

# भुज से लेकर द गाजी अटैक तक, इन फिल्मों में दिखी विजय दिवस की कहानी

**नई दिल्ली।** यूं तो कई जांबाज भारतीय सैनिकों ने अपनी जुबानी इस जंग की कहानी सुनाई है पर विजय दिवस और 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान के युद्ध की पृष्ठभूमि पर कई फिल्में भी बनी हैं।

### द गाजी अटैक (2017)

1971 के इस युद्ध में पाकिस्तान की पनडुब्बी पीएनएस गाजी का अहम किरदार था। कहा जाता है कि इसका मकसद भारत का विमानवाहक पोत, आईएनएस विक्रांत को तबाह करना था पर भारतीय नौसेना ने इसे तबाह कर दिया था। जंग के इसी पहलू को फिल्म 'द गाजी अटैक' में दिखाया गया था। फिल्म में राणा दग्गुबाती, केके मेनन, अतुल कुलकर्णी और तापसी पन्नू अहम किरदारों में थे। इस फिल्म को 65वें राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फीचर फिल्म के सम्मान से नवाजा गया था।

### भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया (2021)

अभिषेक दुधैया निर्देशित इस फिल्म की कहानी भी 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी। फिल्म में इंडियन एयर फोर्स के स्क्वाड्रन लीडर विजय कार्णिक की कहानी बयां की गई, जो उस समय भुज एयर फोर्स बेस के इंचार्ज थे। विजय कार्णिक ने माधापार गांव की 300 स्थानीय महिलाओं की मदद से 72 घंटों में टूटी हुई हवाई पट्टी को फिर से बनाया था। इस फिल्म में अजय देवगन ने कार्णिक का रोल निभाया था। साथ में संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, नोरा फतेही, शरद केलकर और एमी विर्क भी नजर आए थे।



### पिप्पा (2023)

शाहिद कपूर के छोटे भाई ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'पिप्पा' की कहानी भी 1971 के युद्ध पर आधारित थी। कहानी भारत की 45 कैवलरी रेजिमेंट के कप्तान बलराम सिंह मेहता के जीवन पर आधारित थी, जिन्होंने अपने भाई-बहनों के साथ 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्वी मोर्चे पर लड़ाई लड़ी थी। यह 1971 में गरीबपुर की लड़ाई के दौरान हुई असली घटनाओं पर आधारित थी। फिल्म में ईशान के अलावा मृणाल ठाकुर और प्रियांशु पैन्यूली ने भी अहम किरदार निभाया था।

## लाल सिंह चड्ढा से लेकर प्लेयर्स तक बॉलीवुड फिल्में दर्शकों के लिए तरसीं

# हिट हॉलीवुड फिल्मों की ये रीमेक फिल्में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड में कई हॉलीवुड फिल्मों के रीमेक बने हैं। इन फिल्मों को खूब सराहना मिली है। हालांकि, कुछ ऐसी भी फिल्में हैं जो हॉलीवुड में खूब चली हैं, लेकिन उनके रीमेक बॉलीवुड में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए हैं। आज हम उन फिल्मों के बारे में जानेंगे जो कामयाब हॉलीवुड फिल्मों का रीमेक हैं लेकिन वह दर्शकों को नहीं लुभा पाईं।



### लाल सिंह चड्ढा

साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' का रीमेक थी। इसमें आमिर खान और करीना कपूर जैसे बड़े कलाकारों ने किरदार निभाया। इसके बावजूद यह फिल्म दर्शकों को नहीं लुभा पाई। इससे साबित होता है कि अगर हॉलीवुड की कोई फिल्म ज्यादा पसंद की गई हो, तो जरूरी नहीं कि हिंदी में भी पसंद की जाए।




### प्लेयर्स

*साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'प्लेयर्स' हॉलीवुड फिल्म 'द इटालियन जॉब' का रीमेक थी। इसमें अभिषेक बच्चन, सोनम कपूर और बॉबी देओल जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि फिल्म खूब चलेगी। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। आलोचकों से भी इसे सराहना नहीं मिली।*

### एक्शन रिप्ले

साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म 'एक्शन रिप्ले' में अक्षय कुमार और ऐश्वर्या राय ने भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 'बैक टू द फ्यूचर' की रीमेक थी। इसमें ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो अपने माता-पिता के बिगड़े रिश्ते को ठीक करने के लिए टाइम मशीन का इस्तेमाल करता है। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई।



### गॉड तुस्सी ग्रेट हो

सलमान खान और प्रियंका चोपड़ा की अदाकारी वाली फिल्म 'गॉड तुस्सी ग्रेट हो' साल 2008 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म 'ब्रूस ऑलमाइटी' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान ने एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाई है, जो अपनी जिंदगी से परेशान है और उसे एक दिन के लिए भगवान बनने का मौका मिलता है। फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक बुलाने में नाकाम रही।

### दिल बोले हड़िप्पा

फिल्म 'दिल बोले हड़िप्पा' (2009) में रानी मुखर्जी ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है, जो पुरुष क्रिकेट टीम में खेलने के लिए पुरुष का वेश धारण करती है। फिल्म कॉमेडी थी लेकिन दर्शकों ने इसे नकार दिया। यह फिल्म 'शी इज द मैन' का रीमेक थी। इसमें रानी मुखर्जी के साथ शाहिद कपूर भी थे।



## खबर संक्षेप

### विजय दिवस भारतीय सेना की वीरता का प्रतीक

**गोहाना।** आईटीआई गोहाना के नजदीक डिफेंस कॉलोनी में मंगलवार को विजय दिवस पर भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता 1971 में मौजूद रहे भूतपूर्व सैनिक कैप्टन सुखबीर सिंह मलिक ने की। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि विजय दिवस भारतीय सेना के साहस, समर्पण और सर्वोच्च बलिदान को याद करने के लिए मनाया जाता है।

### हेल्दी फूड का सेवन करने का दिया संदेश

**गोहाना।** सेक्टर-7 स्थित द विज्डम स्कूल में मंगलवार को नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए हेल्दी फूड बनाम जंक फूड विषय पर फैशन शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्रों ने जंक फूड की बजाए हेल्दी फूड का सेवन करने का शिक्षाप्रद संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को अच्छे और खराब भोजन के अंतर को समझाना था। फैशन शो में नन्हे-मुन्ने बच्चे फल, सब्जी, दूध और दाल जैसे हेल्दी फूड तथा बर्गर, पिज्जा और चिप्स जैसे जंक फूड की वेशभूषा में मंच पर आए।

### प्रताप स्कूल को गौरव पुरस्कार से नवाजा

**खरखौदा।** प्रताप स्कूल, खरखौदा को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा के गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे उल्लेखनीय, योजनाबद्ध एवं सतत प्रयासों का प्रमाण है। इस गरिमामय अवसर पर विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, प्राचार्या दया दहिया, डॉ. दीपिका दहिया व प्रशांत दहिया को मुख्यमंत्री द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### खरखौदा उपमंडल नागरिक अस्पताल में सुविधाओं का टोटा

**खरखौदा।** उपमंडल नागरिक अस्पताल खरखौदा सुविधाओं की कमी के चलते सफेद हाथी साबित हो रहा है। अनेक स्वास्थ्य कर्मियों का रवैया भी उपेक्षात्मक है। अस्पताल की स्थिति का जायजा लेने के लिए कई बार विधायक पवन खरखौदा, एसडीएम व विभागीय उच्च अधिकारियों ने यहां का दौरा किया। हर बार बहुत से कर्मचारी व अधिकारी गैर हाजिर मिले। उन्हें चेतावनी दी गई।

### अश्वनी अखाड़ा के तीन पहलवानों ने जीते पदक

**खरखौदा।** अश्वनी अखाड़ा खरखौदा के 3 पहलवानों ने सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में पदक जीते हैं। यह जानकारी देते हुए अखाड़ा संचालक एवं कुश्ती प्रशिक्षक अश्वनी ने बताया कि चैम्पियनशिप का आयोजन 12 से 14 दिसंबर तक अहमदाबाद में किया गया था। जिसमें जोगिंद्र पहलवान ने ग्रीको रोमन के 130 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सचिन पहलवान ने फ्री स्टाइल कुश्ती के 86 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया।

### एंटी ड्रग प्रिवेंशन कैंप का आयोजन

**खरखौदा।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एंटी ड्रग प्रिवेंशन कैंप का आयोजन किया गया। एसएमओ जितेंद्र, प्रिंसिपल नीलम दलाल, एसआई सौरव, पीएसआई मंजू की मौजूदगी में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति को, बल्कि पूरे परिवार को बर्बादी की ओर ले जाता है। इसलिए इससे हमेशा दूर रहना चाहिए और नशा करने वालों को भी जागरूक करना चाहिए।

### फैमिली एंगेजमेंट प्रोग्राम का किया आयोजन

**सोनीपत।** लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में फैमिली एंगेजमेंट प्रोग्राम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पारिवारिक सहभागिता के माध्यम से अध्यापकों, बच्चों ,अभिभावकों के बीच सकारात्मक संबंध बनाना था। प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा, मुख्याध्यापिका भारती दत्ता व अन्य गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने बच्चों के साथ पतंगे उड़ाई, लॉन टेनिस व वॉलीबॉल आदि खेल खेले व कई गतिविधियों में भाग लिया था।

## सोनीपत में मौसम के बदले मिजाज, 20 तक शुष्क रहेगा मौसम

# कोहरे से राहत तो प्रदूषण ने बढ़ाई चिंता, सेहत-खेती पर दोहरा असर

**दिन चढ़ने के साथ ही बादलों की ओट से निकले सूर्य देव ने चमक बिखेरी**


सोनीपत। अलसुबह शहर में छाया कोहरा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में मौसम का मिजाज लगातार परिवर्तनशील बना हुआ है। बीते कई दिनों से घने कोहरे की चादर में लिपटे शहर को मंगलवार को थोड़ी राहत मिली। हालांकि सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी कुछ कम रही, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही बादलों की ओट से निकले सूर्य देव ने अपनी चमक बिखेरी। धूप खिलने से लोगों को ठिठुरन से बड़ी राहत मिली, लेकिन हवा की रफ्तार और बढ़ते प्रदूषण ने प्रशासन और आम जनता की चिंताएं बरकरार रखी हैं। मंगलवार को जगदीशपुर स्थित मौसम केंद्र पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार, जिले का अधिकतम तापमान 22.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया, जबकि न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन भर करीब 11 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली ठंडी हवाओं ने धूप के असर को थोड़ा कम किया। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि उत्तर की ओर से आ रही सर्द हवाओं के कारण आने वाले दिनों में रात के तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है।

### हवा हुई 'जहरीली' 285 पहुंचा एक्यूआई

एक तरफ जहां कोहरे से राहत मिली है, वहीं दूसरी तरफ वायु प्रदूषण का ग्राफ तेजी से ऊपर चढ़ा है। मंगलवार को सोनीपत का एयर क्वालिटी इंडेक्स 'खराब' श्रेणी में 285 दर्ज किया गया। कोहरे के छंटने के बावजूद वातावरण में स्मॉग और धूल के कणों की मौजूदगी ने सांस लेना दूभर कर दिया है। हवा की गति धीमी होने के कारण प्रदूषक तत्व सतह के पास ही जमे हुए हैं, जो सीधे तौर पर स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहे हैं।

### अस्पताल की ओपीडी में बढ़ी भीड़

अस्पताल की ओपीडी में बढ़ी भीड़ मौसम में आए इस अचानक बदलाव और प्रदूषण के बढ़ते स्तर का सबसे बुरा असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। चिकित्सकों के अनुसार, एक्यूआई 285 होने के कारण अस्थमा और ब्रोंकाइटिस के मरीजों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है। प्रदूषण के कारण फेफड़ों में संक्रमण के मामले बढ़े हैं। सुबह की ठंड और दिन की धूप के दोहरे मौसम की वजह से वायरल फीवर, गले में खराश और सूखी खांसी के मरीज अस्पतालों की ओपीडी में अधिक पहुंच रहे हैं। इसके अलावा हवा में मौजूद बारीक कणों की वजह से लोगों को आंखों में चुभन की शिकायत भी हो रही है।

### किसानों के लिए 'मिश्रित' समय

किसानों के लिए मिश्रित समय सोनीपत एक प्रमुख कृषि प्रधान क्षेत्र है, जहाँ इस समय गेहूं और सरसों की फसलें मुख्य रूप से खेतों में लहलहा रही हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि न्यूनतम तापमान में गिरावट और 7.8 डिग्री सेल्सियस तक का पारा गेहूं की फसल के लिए फायदेमंद है। ठंड बढ़ने से गेहूं के पौधों में फुटाव अच्छा होता है, जिससे पैदावार बढ़ने की उम्मीद रहती है। हालांकि, यदि आने वाले दिनों में पारा और गिरता है और हवा शांत रहती है, तो पाले का खतरा बढ़ सकता है, जो सब्जियों की फसल के लिए नुकसानदेह हो सकता है। दिन में सूर्य निकलने से फसलों को पर्याप्त रोशनी मिल रही है, जो पौधों की मजबूती के लिए अनिवार्य है।

# राई और लिवान गांव में 6.20 करोड़ की लागत से पेयजल संकट मिटेगा

- वॉटर लाइन व स्टोरेज टैंक के लिए स्थल एसएमडीए का निरीक्षण


राई। (एसएमडीए) के अधिकारी निगम पार्षद पुनीत राई के साथ मिलकर गांवों का निरीक्षण किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

राई व लिवान गांव में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। मंगलवार को सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एस.एम.डी.ए.) के अधिकारियों ने निगम पार्षद पुनीत राई के साथ मिलकर गांवों का निरीक्षण किया। इस दौरान वॉटर लाइन बिछाने और पेयजल आपूर्ति के लिए स्टोरेज टैंक बनाने हेतु संभावित स्थानों का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण टीम में एस.एम.डी.ए. के चीफ राजीव गुप्ता, कार्यकारी अभियंता आलोक व एस.डी.ओ. अंकित दहिया विशेष रूप से शामिल रहे। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद व्यवस्थाओं को देखा और जिन स्थानों पर कमियां पाई गईं, उन्हें शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही, स्टोरेज टैंक के निर्माण के लिए उपयुक्त जमीन को लेकर तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की गई, ताकि भविष्य में जलापूर्ति निर्बाध रूप से की जा सके। एस.एम.डी.ए. के अधिकारियों ने बताया कि राई और लिवान गांव में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए यमुना नदी से पानी लाकर दोनों गांवों तक पहुंचाने की योजना तैयार की गई है।

# बच्चों का स्वस्थ रहना उनकी शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए जरूरी

- चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में नि :शुल्क मेडिकल एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन


गन्नौर। स्कूल में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क मेडिकल एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आठ अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने विद्यार्थियों की जांच की। जांच के दौरान बच्चों की लंबाई, वजन, रक्तचाप, पल्स रेट और ऑक्सीजन स्तर की जांच की गई। आधुनिक मशीनों की सहायता से नेत्र परीक्षण भी किया गया। डॉक्टरों ने बच्चों को स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यक सलाह भी दी और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक अजय यादव और प्राचार्य अरुण गौतम ने शिविर के दौरान कहा कि बच्चों का स्वस्थ रहना उनकी शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत जरूरी है। उन्होंने बताया कि विद्यालय द्वारा समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर निरंतर नजर रखी जा सके। उन्होंने डॉक्टरों की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रारंभिक अवस्था में स्वास्थ्य जांच से बच्चों में होने वाली संभावित बीमारियों की पहचान समय रहते हो जाती है, जिससे उनका सही उपचार संभव हो पाता है। विद्यालय स्टाफ ने डॉक्टरों की टीम के साथ समन्वय बनाकर विद्यार्थियों की जांच को सुचारू रूप से संपन्न कराया।

# सोनीपतः नागरिक अस्पताल भगवान भरोसे : देवेन्द्र गौतम

- गर्भवती महिलाएं घंटों भटकने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत


देवेंद्र गौतम।

सोनीपत नागरिक अस्पताल के हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। हालत यह है कि गर्भवती महिलाएं, जिन्हें समय पर अल्ट्रासाउंड जैसी बेहद जरूरी जांच की आवश्यकता होती है, उन्हें भी अब भगवान के भरोसे छोड़ दिया गया है। यह ब्यान न्याय युद्ध मंच के संचालक समाजिक कार्यकर्ता देवेन्द्र गौतम ने नागरिक अस्पताल में चरमराई स्वास्थ्य सेवाओं पर चिंता जाहिर करते हुए दिया। देवेन्द्र गौतम ने बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार गर्भवती महिलाओं को अस्पताल प्रशासन द्वारा अल्ट्रासाउंड के लिए सुबह 9 बजे का समय दिया जाता है, महिलाएं समय पर अस्पताल पहुंच जाती हैं, लेकिन वहां पहुंचने के बाद उन्हें बताया जाता है कि आज अल्ट्रासाउंड कब होगा, यह पता नहीं, रेडियोलॉजिस्ट अभी नहीं है, आएगा अभी होगा। देवेन्द्र गौतम ने हैरानी जताते हुए कहा की सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि रेडियोलॉजिस्ट समय पर अस्पताल नहीं आता, जबकि मरीजों को समय बांट दिया जाता है। मजबूरन गर्भवती महिलाओ को बिना किसी जानकारी, बिना किसी जवाब के घंटों अस्पताल में बैठना पड़ता हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति केवल अव्यवस्था नहीं बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था की संवेदनहीनता और प्रशासनिक नाकामी को दर्शाती है।


गोहाना। विजेता छात्रा तनिष्का व छात्र प्रियांशु को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते शिक्षकगण।

### विज्ञान प्रदर्शनी में जेएलएन की तनिष्का प्रथम

**गोहाना।** राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनीः 2025 में जवाहर लाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के भावी वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा, नवाचार एवं वैज्ञानिक सोच का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की छात्रा तनिष्का शर्मा ने विज्ञान प्रदर्शनी में ग्रीन एनर्जी विषय पर आधारित अपने प्रोजेक्ट के माध्यम से निर्णायक मंडल को विशेष रूप से प्रभावित किया। प्रदर्शनी में छात्रा तनिष्का का मॉडल प्रथम रहा। विद्यालय के दूसरे विद्यार्थी छात्र प्रियांशु के इमर्जिंग टेक्नोलॉजी विषय पर आधारित अपने रचनात्मक एवं तकनीकी मॉडल को द्वितीय स्थान हासिल हुआ। मंगलवार को विद्यालय के एमडी एडवोकेट सुनील शर्मा, प्राचार्य सचिन शर्मा एवं उप-प्राचार्य सूरत शर्मा ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनकी कड़ी मेहनत, लगन एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की और भविष्य में भी नवाचार, अनुसंधान एवं वैज्ञानिक गतिविधियों में निरंतर आगे बढने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उनकी इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# फर्जी नौकरी और शेयर निवेश के नाम पर दो करोड़ की ठगी

- आर्थिक अपराध शाखा ने मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में फर्जी कागजात तैयार कर नौकरी लगवाने और शेयर बाजार में निवेश के नाम पर बड़ी ठगी के मामले में एक आरोपित काबू किए गए हैं। आर्थिक अपराध शाखा सोनीपत की पुलिस टीम ने एक व्यक्ति से करीब दो करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में मुख्य आरोपित सुनील निवासी भठगांव जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, गांव पांची जट्टान निवासी पवन ने गत 24 अक्टूबर को थाना गन्नौर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि खेती-बाड़ी से पर्याप्त आमदनी न होने के कारण उसने सितंबर 2024 में अपनी जमीन बेच दी थी। इसी दौरान सुनील उसके घर आया और खुद को आर्मी में कार्यरत बताते हुए नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया। उसने कहा कि उम्र और कागजात की समस्या वह खुद दूर कर देगा, बस खर्चा लगेगा। पवन ने सुनील और उसके परिवार के कहने पर अलग-अलग तिथियों में बैंक आरटीजीएस और नकद के माध्यम से रकम देनी शुरू की। पहले नौकरी के नाम पर लाखों रुपये लिए गए और बाद में फर्जी दसवीं व बारहवीं की मार्कशीट भी दी गई। इसके बाद सुनील ने शेयर बाजार में निवेश कर मोटा मुनाफा दिलाने का लालच दिया और एंजल वन में खाता खोलने की बात कही थी।

# पदक विजेता को किया सम्मानित

- खेवड़ा गांव निवासी अक्षय आंतिल ने दुबई जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई


राई। अक्षय आंतिल को सम्मानित करते हुए पुनीत राई व अन्य।

खेवड़ा गांव निवासी अक्षय आंतिल पुत्र सूरज आंतिल ने दुबई में आयोजित यूथ एशियन पैरा गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोला फेंक प्रतियोगिता में 11.35 मीटर का थ्रो कर रजत पदक हासिल किया। अक्षय की इस उपलब्धि से न केवल गांव बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। अक्षय आंतिल अनुभवी कोच हरमिंद्र पाल सिंह घुमान के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अक्षय ने कहा कि यह पदक उनकी मेहनत और कोच के सहयोग का परिणाम है तथा वह आने वाली राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में इससे भी बेहतर प्रदर्शन कर देश व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। दुबई से लौटने पर अक्षय अंतिल के गांव पहुंचने पर त्यागी समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर पुनीत राई ने अक्षय की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि अक्षय जैसे खिलाड़ी युवाओं के लिए प्रेरणा हैं और उनकी सफलता से क्षेत्र के अन्य खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने का हौसला मिलेगा। सतबीर अंतिल, रोहतास अंतिल, सतपाल त्यागी, राकेश त्यागी, रामप्रकाश कौशिक, राजेश त्यागी, राकेश कौशिक, प्रवेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### शोधार्थी का आमरण अनशन जारी

**सोनीपत।** मुरथल स्थित दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि (डीसीआरयूएसटी) में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के पीएचडी शोधार्थी संदीप कुमार का आमरण अनशन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। विवि परिसर में चल रहा यह विरोध प्रदर्शन अब व्यापक रूप लेता जा रहा है। अनशन के दूसरे दिन विभिन्न विभागों के लगभग 20 अन्य पीएचडी शोधार्थियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर संदीप कुमार की मांगों को अपना समर्थन दिया। अव्यवस्थाओं के खिलाफ आवाज उठाने पर प्रताड़ना का आरोप संदीप कुमार का आरोप है कि उन्हें विवि की शैक्षणिक व प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को हरियाणा विधानसभा समिति के समक्ष उठाने का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। शोधार्थी के अनुसार, समिति के सामने विवि की पोल खोलने के बाद से ही प्रशासन ने उनके प्रति कड़ा और पक्षपाती रवैया अपना लिया है।

# रौनक स्कूल में विजय दिवस देशभक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया

- विद्यार्थियों ने प्रतिज्ञा लेकर राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का स्मरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर


गन्नौर। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा कार्यक्रम के प्रतिभागी छात्रों के साथ।

रौनक पब्लिक स्कूल में विजय दिवस देशभक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया, जिसमें राष्ट्रप्रेम की भावना देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना सभा के साथ किया गया, विद्यार्थियों ने प्रतिज्ञा लेकर राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का स्मरण किया। विजय दिवस के महत्व को उजागर करने के लिए विद्यालय के छात्रों ने कविता पाठ, देशभक्ति गीत, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, काव्य गायन तथा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने विजय दिवस के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य नई पीढ़ी को सैनिकों के त्याग और समर्पण से अवगत कराना है। रजनी शर्मा ने कहा कि विजय दिवस हमें अपने वीर सैनिकों के बलिदान को स्मरण करने के साथ-साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम और देशसेवा की भावना को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।


गोहाना। महाविद्यालय परिसर को बुहारते शिक्षकाएं और छात्राएं।

### स्वच्छता ही समाज-राष्ट्र के विकास की पहली सीढ़ी

**गोहाना।** राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना में मंगलवार को एक दिवसीय सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में शिक्षिकाओं और छात्राओं ने हाथों में झाड़ू लेकर महाविद्यालय के परिसर को बुहारा। सफाई अभियान का नेतृत्व महाविद्यालय की प्राचार्या मीनाक्षी सांगवान ने किया। संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा देवी और डॉ. प्रवीण देवी का रहा। प्राचार्या मीनाक्षी सांगवान ने कहा कि सफाई अभियान का उद्देश्य केवल महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाना नहीं, बल्कि समाज में स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना भी है। कार्यक्रम में प्राचार्या ने छात्राओं को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही समाज व राष्ट्र के विकास की पहली सीढ़ी है। एक स्वच्छ राष्ट्र निर्माण का रास्ता हमारे घर के आगे गली से होकर गुजरता है। ऐसे में स्वच्छता की शुरूआत सर्वप्रथम अपने घर व आस पड़ोस से करें।

## बाबा कल्ली नाथ गोशाला का वार्षिक उत्सव समारोह मनाया

# गोशालाएं भारतीय संस्कृति-सनातन परंपरा का अभिन्न अंग

**विधायक ने निजी कोष से दो लाख की दी आर्थिक सहायता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई



मुरथल स्थित बाबा कल्ली नाथ गोशाला का वार्षिक उत्सव समारोह मंगलवार को मनाया गया। कार्यक्रम में राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। गोशाला प्रबंध समिति के प्रधान रिसाल सिंह के नेतृत्व में समिति सदस्यों ने विधायक का फूलमालाओं से स्वागत किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने निजी कोष से गोशाला को दो लाख रुपये की दी आर्थिक सहायता दी। मुख्य अतिथि विधायक गहलावत ने संबोधन में कहा कि गोशालाएं भारतीय संस्कृति व सनातन परंपरा का अभिन्न अंग हैं। कहा कि गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और अर्थव्यवस्था का आधार रही है। गोसेवा से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। विधायक ने बाबा कल्ली नाथ गोशाला द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते कहा कि गौशाला न केवल बेसहारा और बीमार गायों की सेवा कर रही है, बल्कि समाज को भी गोसंरक्षण के प्रति जागरूक कर रही है।

### सरकार गोसंरक्षण-गोशालाओं के विकास के लिए प्रयासरत

विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार गौसंरक्षण और गौशालाओं के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गौशालाओं को आर्थिक सहायता, चारा और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि बाबा कल्ली नाथ गौशाला को भविष्य में भी हर संभव सहयोग दिया जाएगा, ताकि यहां गौसेवा का कार्य और अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सके। गौशाला प्रबंध समिति के प्रधान रिसाल सिंह ने अपने संबोधन में विधायक कृष्णा गहलावत का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि गौशाला में सैकड़ों गायों की देखभाल की जा रही है और इसके संचालन में ग्रामीणों व दानदाताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। समाजसेवी अमरिक सिंह ने कहा कि उन्होंने कहा कि गौशाला का उद्देश्य केवल गायों की सेवा करना ही नहीं, बल्कि युवाओं और समाज को गौमाता के महत्व से अवगत कराना भी है। वार्षिक उत्सव में अमरीक सुखदेव, जयपाल, रमेश आंतिल, विनोद कौशिक मुरथल, कृष्ण मुरथल, पंडित प्रमोद मुरथल, अमरजीत मेहंदीपुर, सिल्लू मेहंदीपुर, वीरेंद्र मुरथल सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और गौसेवक उपस्थित रहे।

*जिला समाज कल्याण विभाग की विशेष मुहिम, कर्मचारियों की टीम घर-घर जाकर जुटा रही दस्तावेज*

# नए साल पर सौगात : 1128 और लोगों की बंधेगी पेंशन सम्मान भत्ता पाने वालों का आंकड़ा 2.11 लाख के पार

- शहर में दफ्तर तो गांवों में घर-घर पहुंचकर मोबाइल से स्कैन हो रहे फोटो और दस्तावेज, जनवरी से खातों में आएगी राशि
- वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग श्रेणी के पात्रों को मिलेगा लाभ; जिले में अब कुल 2,11,369 लोग उठा सकेंगे सरकारी योजनाओं का फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नए साल की दस्तक के साथ ही सोनीपत जिले के सैकड़ों परिवारों के लिए खुशियों वाली खबर आई है। जिला समाज कल्याण विभाग ने एक साथ 1128 नए पात्र व्यक्तियों को पेंशन सम्मान भत्ता योजना की सौगात देने की तैयारी पूरी कर ली है। विभाग का लक्ष्य है कि इसी महीने सभी आवश्यक दस्तावेज जमा कर प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया जाए, ताकि जनवरी के आगाज के साथ ही इन लाभार्थियों के खातों में पेंशन की राशि पहुंचनी शुरू हो जाए।

मुख्यालय की ओर से जिला कार्यालय को भेजी गई सूची में समाज के विभिन्न वर्गों का ध्यान रखा गया है। इस बार कुल 1128 लाभार्थियों का चयन किया गया है, जिनमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के साथ-साथ विधवा, दिव्यांग, विधुर और अविवाहित श्रेणियों के पात्र लोग शामिल हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो सबसे ज्यादा संख्या बुजुर्गों की है। वृद्धावस्था पेंशन के लिए 674 नए नाम जोड़े गए हैं, जबकि 328 विधवा महिलाएं भी इस सम्मान भत्ते की हकदार बनी हैं। इनके अलावा 36 दिव्यांगजन और 90 विधुर व अविवाहित पात्रों को सूची में स्थान मिला है। सोनीपत जिले में वर्तमान में 2 लाख 9 हजार लोग विभिन्न श्रेणियों के तहत पेंशन का लाभ ले रहे हैं। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा 1,21,419 बुजुर्गों का है। अक्टूबर माह के 1241 पात्रों के दस्तावेज सत्यापन का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब नवंबर के 398 और दिसंबर के 730 नए पात्रों को जोड़ते ही जिले में कुल पेंशनधारकों की संख्या बढ़कर 2,11,369 हो जाएगी। यह बढ़ोतरी दर्शाती है कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां अब धरातल पर अधिक सक्रियता से पहुंच रही हैं।

### इसी माह प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य



सोनीपत। समाज कल्याण विभाग में पहुंचे लोग। फोटो : हरिभूमि

**पेंशन श्रेणी और नए लाभार्थियों का विवरण**

1. वृद्धावस्था सम्मान भत्ता: 674
2. विधवा पेंशन योजना: 328
3. दिव्यांग पेंशन योजना: 36
4. विधुर व अविवाहित योजना: 90 वर्जन

### लोगों को पेंशन योजना से जोड़ा जाएगा

*मुख्यालय ने नई पेंशन के लिए जिला समाज कल्याण कार्यालय को 1128 पात्र लोगों की सूची भेजी है। जिला में खंड अनुसार पेंशन पात्रों के दस्तावेज जमा करवाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। खंड स्तर पर भी पात्र लोगों को दस्तावेज व फोटो एकत्रित करवाए जा रहे हैं। आसपास के लोगों को कार्यालय में बुलाकर दस्तावेज व फोटो एकत्रित किए जा रहे हैं, जिन्हें बाद में मुख्यालय भिजवाकर लोगों को पेंशन योजना से जोड़ा जाएगा।*

*जोगिंद्र राठी, लेखा अधिकारी, समाज कल्याण विभाग, सोनीपत*

### युद्धस्तर पर कार्य

जिला समाज कल्याण विभाग के पास समय कम है और लक्ष्य बड़ा। मुख्यालय के निर्देशानुसार, इन सभी 1128 नए पात्रों का डेटा इसी माह के अंत तक पोर्टल पर अपडेट करना अनिवार्य है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वे युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं ताकि नए साल का उपहार इन पात्रों को समय पर मिल सके।

### घर-घर दस्तक दे रही विभाग की टीम

पेंशन प्रक्रिया को पारदर्शी और तेज बनाने के लिए समाज कल्याण विभाग ने दोहरी रणनीति अपनाई है। शहर में रहने वाले पात्र लोगों को कार्यालय बुलाकर उनके दस्तावेज जमा किए जा रहे हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों और खंड स्तर पर बुजुर्गों व दिव्यांगों की सुविधा को देखते हुए विभाग के तीन कर्मचारियों की विशेष टीम गठित की गई है। यह टीम सीधे पात्र लोगों के घर पहुंचकर उनके कागजात एकत्रित कर रही है और मौके पर ही मोबाइल के माध्यम से फोटो स्कैन कर मुख्यालय भेज रही है। इससे उन लोगों को बड़ी राहत मिली है जो शारीरिक अक्षमता या उम्र के कारण कार्यालय आने में असमर्थ थे।

## न्यूज डायरी

### किसान रविंद्र की हत्या के मामले का आरोपित बिजेंद्र दो दिन के रिमांड पर

**गन्नौर।** गांव बलि कुतुबपुर में किसान रविंद्र की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित बिजेंद्र को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।



किसान रविंद्र की हत्या के मामले आरोपित बिजेंद्र पुलिस की गिरफ्त में

रिमांड अवधि के दौरान पुलिस आरोपित से घटना से जुड़े अन्य पहलुओं और संभावित अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता को लेकर गहन पूछताछ करेगी। गन्नौर एसीपी ऋषिकांत ने बताया कि शनिवार रात किसान रविंद्र की उसके खेत में बने कमरे में ईंट मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसकी और रविंद्र की पहले से दोस्ती थी। शनिवार को दोनों खेत के कमरे में बैठकर शराब पी रहे थे, इसी दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर आरोपित ने ईंट मारकर रविंद्र की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक और आरोपित के खिलाफ दिल्ली के रोहिणी थाने में पहले से मारपीट का एक मामला दर्ज है। उसी पुराने विवाद को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि बिजेंद्र ने रविंद्र की ईंट मारकर हत्या कर दी। पुलिस रिकार्ड के अनुसार आरोपित बिजेंद्र के खिलाफ हत्या, लूटपाट, अवैध हथियार रखने और मारपीट समेत कुल सात मामले दर्ज हैं। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपित से गहन पूछताछ की जा रही है।

### तीन जगहों पर चोरी करके सामान चुराया

**गोहाना।** बरोदा थाना क्षेत्र में राजकीय स्कूल समेत तीन जगहों पर चोरों ने सेंध लगाकर सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके चोरों की तलाश शुरू कर दी है। गांव नूरनखेड़ा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राजेश ने पुलिस को बताया कि 15 दिसंबर को सुबह करीब पौने आठ बजे उन्हें परिसर में चोरी होने की सूचना मिली। चोरों ने विद्यालय में प्राचार्य कक्ष, भाषा लैब, लिपिक कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, स्टोर रूम, महिला स्टाफ रूम, प्राइमरी कार्यालय व मिड-डे मील रूम के ताले तोड़कर सामान चोरी कर लिया। चोर कमरों में रखे दो प्रिंटर, डीवीआर, एक सीपीयू, भाषा कक्ष लैब से 16 बैटरी, लिपिक कक्ष से चार बैटरी, प्राइमरी कार्यालय से दो पुरानी बैटरी चोरी कर ले गए। प्राचार्य के अनुसार चोरी किए गए सामान की कीमत करीब 1.50 लाख रुपये है। प्राचार्य कक्ष में लगे कैमरे में दो युवक चोरी करते हुए भी दिखाई दिए। दूसरी घटना में रूखी गांव निवासी जसबीर के छिछड़ाना रोड स्थित खेत से चोर सोलर मोटर चोरी कर ले गए। चोरी की तीसरी घटना 33 केवी सब स्टेशन बुटाना में घटित हुई। चोर यहां से करीब दो क्विंटल तार चोरी कर ले गए। एरिया इंचार्ज की रिपोर्ट के अनुसार चोरों ने 7 दिसंबर की रात को तार चोरी किया है, जिससे निगम को करीब 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। बिजली निगम के सिटी सब डिविजन के एसडीओ रोहित ने पुलिस को शिकायत दी।

### श्री राम परिवार सोनीपत ने किया सुन्दरकाण्ड पाठ व रामकथा कार्यक्रम



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण।

**सोनीपत।** श्री राम परिवार सोनीपत की ओर से सोमवार को श्री सुन्दरकाण्ड जी का पाठ, हरिनाम संकीर्तन एवं श्री रामकथा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन दर्शन लाल कुकड़ेजा के सौजन्य से जन जागृति धाम मंदिर, सेक्टर-15 सोनीपत में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रमुख ओमप्रकाश अरोड़ा ने श्री रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। रामचरितमानस में भरत, राम, कौशल्या और कैकेई के संवाद अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। विशेष रूप से चित्रकूट का प्रसंग, जहां भरत राम से अयोध्या लौटने का आग्रह करते हैं, भारतीय संस्कृति में त्याग, भ्रातृ प्रेम और विवेक का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने बताया कि राम के बनवास के बाद भरत द्वारा चरण पादुका लेकर नन्दी ग्राम में तपस्या करना उनके उच्च चरित्र और कर्तव्यबोध को दर्शाता है। ओमप्रकाश अरोड़ा ने राम-भरत मिलन, राम-भरत-कौशल्या संवाद तथा भरत-कैकेई संवाद जैसे प्रसंगों को भावपूर्ण ढंग से श्रद्धालुओं के समक्ष रखा, जिसे सुनकर उपस्थित भक्त भावविभोर हो गए। इस अवसर पर पवन सहगल, राकेश बहल, सूरजकांत, महेश, मुकेश आनन्द, अशोक भुटानी, दिनेश, लवली, रामचन्द्र, रमनकांत, मेहरचन्द और धीरज सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आरती एवं अमृतमय प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

## ऑनलाइन पॉलिसी के विरोध में एसडीओ को ज्ञापन सौंपा



गन्नौर। फील्ड कर्मचारी सरकार की ऑनलाइन पॉलिसी के विरोध में बैठक करते हुए।

- बिजली विभाग के फील्ड कर्मचारियों ने सरकार की ऑनलाइन पॉलिसी का विरोध जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को बिजली विभाग के फील्ड कर्मचारियों ने सरकार की ऑनलाइन पॉलिसी के विरोध में प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर एसडीओ कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के सब यूनिट प्रधान बिजेंद्र ने करते हुए बताया कि सरकार द्वारा बिजली विभाग के फील्ड कर्मचारियों को ऑनलाइन पॉलिसी में शामिल करने का निर्णय व्यावहारिक नहीं है। फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों को लगातार तकनीकी समस्याओं, नेटवर्क की कमी और आपातकालीन परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। ऐसे में ऑनलाइन पॉलिसी से कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव बढ़ेगा और उपभोक्ताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। यूनियन नेता सुनील और दीपक प्रधान ने कहा कि फील्ड स्टाफ दिन-रात बिजली आपूर्ति सुचारु रखने में लगा रहता है। आंधी, बारिश और अन्य आपदाओं के समय कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर काम करते हैं। ऐसे कर्मचारियों पर ऑनलाइन व्यवस्था थोपना उनके साथ अन्याय है। उन्होंने सरकार से इस फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की।

### मौके पर ये मौजूद रहे

*इस मौके पर प्रवीन फोरमैन, राकेश, राजकुमार और नीरज, लाइनमैन दिनेश, रितेश, मोहित, कुलबीर, नितेश और राकेश , ओमदास, जेई सतीश और फोरमैन अनिल रोहिला ने कहा कि ऑनलाइन पॉलिसी लागू करने से पहले फील्ड कर्मचारियों की कार्य परिस्थितियों को समझना जरूरी है। उन्होंने मांग की कि कर्मचारियों से बातचीत कर समाधान निकाला जाए।*

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

*कई कमरों के ताले तोड़कर चुराया 1.60 लाख रुपये का सामान*

## एक बार फिर चोरों का निशाना बना नूरनखेड़ा का सरकारी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव नूरनखेड़ा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को एक बार फिर चोरों ने निशाना बनाया है। रात को चोरों ने स्कूल के कई कमरों के ताले तोड़कर करीब 1.60 लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। नौ साल में यह स्कूल में चोरी की सातवीं वारदात है, लेकिन अब तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सके हैं। विद्यालय के प्राचार्य राजेश ने बरोदा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि 15 दिसंबर की सुबह पौने आठ बजे स्कूल में कार्यरत पार्ट-टाइम स्वीपर रवि ने कॉल कर सूचना दी कि प्राचार्य कक्ष समेत कई कमरों के ताले टूटे हुए हैं। सूचना मिलने के बाद वह सुबह करीब 9 बजे स्कूल पहुंचे और पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उनके कक्ष के साथ ही भाषा लैब, लिपिक कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, स्टोर रूम, महिला स्टाफ रूम, प्राइमरी ऑफिस और मिड-डे मील रूम के ताले टूटे हुए थे। कमरों में रखा सामान बिखरा पड़ा था। प्राचार्य ने बताया कि चोर स्कूल में उनके कक्ष से एक प्रिंटर, आठ कैमरों का डीवीआर और एक यूपीएस चोरी कर ले गए। भाषा लैब से 16 बैटरियां, लिपिक कक्ष से चार बैटरियां, प्राइमरी ऑफिस से दो पुरानी बैटरियां, एक प्रिंटर और एक डीवीआर चोरी हुआ है। चोरी गया सामान करीब 1.60 लाख रुपये का है। स्कूल में कोई चौकीदार नहीं है।

### सीसीटीवी में दिख रहे संदिग्ध

प्राचार्य ने बताया कि लगातार हो रही चोरियों के बाद उन्होंने अपने कक्ष में छिपाकर कैमरा लगा रखा था। जिसमें चोरी की पूरी वारदात रिकॉर्ड हुई है। फुटेज में दो युवक दिखाई दे रहे हैं। पहले एक आरोपी कमरे में प्रवेश करता है, इसके बाद ऑरेंज रंग की जैकेट पहने दूसरा आरोपी अंदर आता है। सीसीटीवी में एक आरोपी अलमारी का ताला तोड़ते हुए और उसमें से थैला निकालकर नीचे फेंकते हुए नजर आ रहा है। आरोपी सोफे के कवर और कुर्सी से तौलिया उठाते हुए भी कैमरे में कैद हुए हैं। यह फुटेज पुलिस को सौंप दी गई है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### पहले हो चुकी चोरी की वारदात

- 9 अप्रैल को ताले तोड़े, सामान चोरी नहीं हो सका
- 11 अप्रैल, 2024 को 20 कंप्यूटर, डीवीआर, प्रिंटर, सीपीयू
- 23 नवंबर, 2022 को इनवर्टर, दो बैटरी व अन्य सामान
- 30 सितंबर, 2022 को यूपीएस की चार बैटरी
- 2 जुलाई, 2021 को छह बड़ी बैटरी व 20 छोटी बैटरी
- 19 दिसंबर, 2016 को टीवी, एलईडी व वेब कैमरा

### शादी समारोह में युवक पर जानलेवा हमला, तीन नामजद

**गन्नौर।** जीटी रोड पर लड़सौली गांव के निकट स्थित एक निजी गार्डन में आयोजित शादी समारोह के दौरान युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घायल की शिकायत पर तीन नामजद आरोपितों समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में गांव सैय्या खेड़ा निवासी रोहित ने बताया कि वह 14 दिसंबर की रात करीब आठ बजे अपने दोस्त हिमांशु खुराना की शादी में कनक गार्डन पहुंचा था। वहां गाड़ी को लेकर उसकी आकाश उर्फ निक्की, प्रिंस और राहुल उर्फ मोंटी से कहासुनी हो गई। इसके बाद वह गार्डन के अंदर चला गया, लेकिन कुछ देर बाद तीनों अपने अन्य साथियों के साथ काली स्कार्पियो में डंडे व फरसे लेकर पहुंचे और उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने डंडे व फरसे से सिर, हाथ और पैरों पर वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर मचाने पर आरोपित मौके से फरार हो गए। घायल को सोनीपत के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने शिकायत पर आरोपित आकाश उर्फ निक्की, प्रिंस और राहुल उर्फ मोंटी सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## युवती से छेड़खानी व मारपीट करने वाले को 7 साल की कैद

- अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. जसबीर सिंह ने दोषी पर 30 हजार रुपये जुर्माना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

युवती से छेड़खानी व मारपीट के मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपित को दोषी करार देते हुए 7 साल की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. जसबीर सिंह ने दोषी पर 30 हजार रुपये जुर्माना भी किया गया है। जुर्माना न भरने की सूरत में अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मूलरूप से उत्तर प्रदेश निवासी युवती ने 24 अप्रैल, 2021 को कुंडली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि वह उत्तर प्रदेश की रहने वाली सहेली के साथ कुंडली में किराए पर रहती थी। दोनों सहेली पहले ही एक ही कंपनी में काम करती थी। वहां पर उनके साथ मूलरूप से बिहार के पूर्वी चंपारण के गांव छोटा बौधा व घटना के समय प्याऊ मनियारी निवासी ज्ञान प्रकाश भी काम करता था। बाद में दोनों सहेलियों ने कम वेतन के चलते वहां से काम छोड़कर दूसरी कंपनियों में शुरू कर दिया था। युवती ने बताया था कि उनकी सहेली ने उसे जानकारी दी कि ज्ञान प्रकाश उसे कॉल कर परेशान करता है। वह उस पर दोस्ती का दबाव बना रहा है और उसका पीछा करता है।

### छेड़खानी करते हुए गलत काम करने की कोशिश की थी

युवती ने बताया था कि 23 अप्रैल, 2021 की रात को दस बजे आरोपित उनके कमरे पर आ गया था। वह नशे में था। उनकी सहेली के दरवाजा खोलते ही ज्ञान प्रकाश ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी थी। जब वह सहेली को बचाने गई थी तो आरोपित ने उसके साथ मारपीट की थी और छेड़खानी करते हुए गलत काम करने की कोशिश की थी। आरोपित ने उनका सिर दीवार में मारा था। बाद में वह भाग गया था। घटना कमरे के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर 30 अप्रैल को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया था। मामले की सुनवाई के बाद एएसजे डॉ. जसबीर सिंह ने आरोपी को ज्ञान प्रकाश को घर में घुसने, मारपीट व छेड़खानी का दोषी करार दिया। अदालत ने दोषी को सात साल कैद व 30 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

### हरियाणा की जूनियर सेपक टकरा टीम में हुआ दक्ष का चयन

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) का सेपक टकरा खिलाड़ी दक्ष का चयन हरियाणा की जूनियर सेपक टकरा टीम में किया गया है । 11 वीं कक्षा का छात्र दक्ष अब 1 से 5 जनवरी तक पंजाब के लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ( एलपीयू ) फगवाड़ा में होने वाले जूनियर नेशनल सेपक टकरा चैंपियनशिप में हरियाणा की तरफ से खेलेगा। जूनियर स्टेट चैंपियनशिप में भी वह कांस्य पदक विजेता सोनीपत जिले की टीम का सक्रिय सदस्य था। इस दौरान भी उसने चुस्ती-फुर्ती व बेहतर तालमेल का प्रदर्शन करते हुए सभी को प्रभावित किया था। अब हरियाणा की जूनियर सेपक टकरा टीम में चयन होने पर स्कूल में उसका जोरदार स्वागत किया गया । स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने दक्ष को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, निशा, रितु सिंह, श्वेता, नमिता, मधु, ज्योति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, रेखा, पारुल, कावेरी, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सरिता, मनीष, खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने भी दक्ष का हौसला बढ़ाया।



सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में सेपक टकरा खिलाड़ी दक्ष विद्यालय की प्राचार्या गीता चोपड़ा व खेल इंचार्ज संजीत के साथ। फोटो : हरिभूमि

### एसीपी कार्यालय में आयुष विभाग ने करवाया योग ब्रेक



गन्नौर। एसीपी कार्यालय में योग ब्रेक करवाते हुए कार्यालय के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**गन्नौर।** मिनी सचिवालय स्थित एसीपी कार्यालय में आयुष विभाग द्वारा मंगलवार को स्वास्थ्य और कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से योग ब्रेक करवाया गया। योग सहायक वीरेंद्र सिंह ने अपनी टीम के साथ कार्यालय कर्मचारियों को पांच मिनट का योग ब्रेक कराते हुए योगाभ्यास कराया और योग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान योग सहायक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि नियमित रूप से योग करने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है। कार्यालयों में लगातार बैठकर काम करने वाले कर्मचारियों के लिए योग अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने कहा कि रोजाना कुछ मिनट का योग ब्रेक लेने से कार्य के प्रति एकाग्रता बढ़ती है और थकान महसूस नहीं होती। योग सत्र के दौरान कर्मचारियों को सरल प्राणायाम, गर्दन, कंधे और रीढ़ से जुड़े योगासन कराए गए, जिन्हें वे अपने कार्यस्थल पर भी आसानी से कर सकते हैं। वीरेंद्र सिंह ने कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए, ताकि जीवन स्वस्थ और संतुलित बना रहे। योग सहायक प्रोमिला, अमन कुमार और सुनील ने भी सहयोग करते हुए कर्मचारियों को विभिन्न योग क्रियाएं कराईं। सभी ने मिलकर कर्मचारियों को सही तरीके से योगासन करने की विधि समझाई और उनके लाभ बताए।

**सिविल लाइन थाना क्षेत्र पुलिस का मामला, बहालगढ़ थाना पुलिस ने पीड़ित को लिया संरक्षण में**

## किशोरी का यौन शोषण, ससुराल में बंधक बनाकर रखा

- अक्तूबर, 2024 में युवक ने एटलस रोड स्थित एक भवन में बने कमरे में उनका यौन शोषण किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में किशोरी का यौन शोषण करने व बहकाकर शादी करने के बाद ससुराल में बंधक बनाकर रखने का मामला सामने आया है। घटना के समय नाबालिग रही युवती का आरोप है कि उनके साथ मारपीट करने के साथ ही जाति सूचक शब्द भी कहे गए। पीड़िता किसी तरह बचकर उनके घर से निकली और पुलिस से मदद मांगी। बहालगढ़ थाना पुलिस ने पीड़िता को संरक्षण में लिया। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का होने के चलते पुलिस ने वहां प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि स्कूल में पढ़ाई के दौरान सितंबर, 2023 में उनकी मुलाकात बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक के साथ हुई थी। अक्तूबर, 2024 में युवक एटलस रोड स्थित एक भवन में बने कमरे में उनका यौन शोषण किया था। विरोध करने पर आरोपित ने उसे शादी करने की बात कही। पीड़िता का आरोप है कि आरोपित बहकाकर 25 जनवरी को उसके अपने साथ ले गया। उसके बाद कोर्ट में जाकर शादी की बात कही। उसने कुछ कागजात तैयार करवाए। बाद में पता चला है कि कागजात सहमति संबंध में रहने के थे, जबकि उसे शादी के कागजात बताए गए। आरोपित उसे भिवानी में अपनी बहन के घर भी ले गया था। वहां पर उसकी पिटाई की जाती थी। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचित किया, लेकिन युवक के घर वालों ने उसे डराकर बयान दर्ज नहीं करवाने दिए।

### मामले की जांच जारी

जांच में थाना क्षेत्र में यौन शोषण की बात सामने आई थी। उस समय पीड़िता नाबालिग थी। उसकी शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की जांच जारी है।

-इंस्पेक्टर उमेश कुमार, थाना प्रभारी, थाना सिविल लाइन

### कागजात भी जला दिए गए

वह 6 दिसंबर को बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव से किसी तरह भाग निकली। उसने एक राहगीर से मोबाइल लेकर डायल-112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। इसके बाद बहालगढ़ थाना पुलिस ने उसे संरक्षण में लिया। पीड़िता का आरोप है कि उसे बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव में रखा गया था, जहां पर उसके कागजात भी जला दिए गए। उसे मारने की कोशिश भी हुई थी।